16 aug 2026 WEEKLY.qxd 8/15/2026 5:16 PM Page 1


# श्रमसाधना

स्वर्ण जयंती

साप्ताहिक

श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति

www.shramsadhnanews.com

RNI रजि. क्र. 45334/74

वर्ष : 52, अंक : 33 ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
डाक L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020250/22-23


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस और होमगार्ड के अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पदक किए प्रदान

**भोपाल, जीएनएस।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल परेड मैदान पर पदक अलंकरण समारोह में पुलिस और होमगार्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पदक प्रदान कर सम्मानित किया। सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक भी प्रदान किए गए। समारोह में 47 विभूतियों को पदक सौंपकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान किए। साथ ही पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति के 9 विशिष्ट सेवा पदक व 33 सराहनीय सेवा पदक देकर सम्मानित किया। होमगार्ड के 3 अधिकारी-कर्मचारियों को भी राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान किए गए।

**राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक (पुलिस)**

राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक (पुलिस) से श्री योगेश देशमुख, महानिदेशक/अमनि, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, श्री मकरन्द देऊस्कर, पुलिस महानिरीक्षक, बी.एस.एफ, नई दिल्ली, श्री राकेश गुप्ता, अति. पुलिस महानिदेशक, उज्जैन जोन उज्जैन, श्री संतोष कुमार सिंह, अमनि/पुलिस आयुक्त, इंदौर, श्री मिथिलेश कुमार शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन, श्री अवधेश कुमार गोस्वामी, उप पुलिस महानिरीक्षक, कल्याण/लेखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल श्री शिवकुमार पटेल, निरीक्षक, विशेष शाखा, इंदौर (सेवानिवृत्त), श्री वाल्टर हेनरी एक्का, प्रधान आरक्षक 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल, श्री देवेन्द्र कुमार कौशल, प्र.आर. (आर्म्स) 1159 7वीं वाहिनी भोपाल को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक (पुलिस)



राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक (पुलिस) से श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु, पुमनि/वि. कर्तव्य. अधिकारी, गृह विभाग, म.प्र., श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, उमनि/कमान्डेंट, आरएपीटीसी, इंदौर, श्री विजय कुमार खत्री, उप पुलिस महानिरीक्षक, छतरपुर, श्री मनोज कुमार राय, उप पुलिस महानिरीक्षक, चयन/भर्ती, पुलिस मुख्यालय , भोपाल, श्री गीतेश कुमार गर्ग, जोनल पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, ग्वालियर, श्री एलरिज विनसेन्ट सिंह, पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. जबलपुर, श्री राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त, इंदौर, श्री दुर्गेश कुमार राठौर, पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त, सागर, श्री नीरज पाण्डेय, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल, श्री रूपेश कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक, सायबर मुख्यालय भोपाल, श्रीमती सीमा अलावा, अति. पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, इंदौर, श्री आशीष खरे, अति. पुलिस अधीक्षक, जिला छिन्दवाड़ा, श्री दिनेश कुमार सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, ई.ओ.डब्ल्यू. भोपाल, श्री वीरेन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त, भोपाल, श्री संजय सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, एटीएस, मुख्यालय, भोपाल, श्रीमती निधि श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक, एससीआरबी, पुमु, भोपाल, श्री राजू गोराने, उप पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, श्रीमती मनीता राय, उप पुलिस अधीक्षक, पुमनि कार्यालय उज्जैन जोन, श्री मनोज कुमार दुबे, निरीक्षक, (रेडियो) सीहोर, श्री प्रवीण सिंह, निरीक्षक (एम) कार्यालय पुलिस आयुक्त, (शहर) इंदौर, श्री राजेन्द्र प्रसाद, निरीक्षक, ई.ओ.डब्ल्यू, जबलपुर, श्री प्रवीण पंवार, निरीक्षक (अ) आर.ए.पी.टी.सी. इंदौर (सेवानिवृत्त), श्री कुंजेश श्रीवास्तव, निरी. (अ)/निस टू डीजीपी, कार्या. पुलिस महानिदेशक, म.प्र., श्री प्रेम किशोर व्यास, निरीक्षक, शाजापुर, श्री उमराव प्रसाद जाटव, उप निरीक्षक 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल, श्री संतोष मेहरा, उप निरीक्षक, इंदौर, श्री अशोक राव सावंत, उप निरीक्षक, ई.ओ.डब्ल्यू. उज्जैन, श्री महेन्द्र सिंह नेगी, उप निरीक्षक, पीटीसी, इंदौर, श्री राजेन्द्र कुमार दुबे, सहायक उप निरीक्षक, जिला छिन्दवाड़ा (सेवानिवृत्त), श्रीराम मिश्रा, प्रधान आरक्षक, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल, श्री कल्याण सिंह, प्र. आर. महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, श्री सुशील कुमार चौबे, प्रधान आरक्षक 10वीं वाहिनी विसबल, सागर, श्री रवीन्द्र मिश्रा, आरक्षक, लोकायुक्त, भोपाल को सम्मानित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर पंचायत भवन परिसर में नीचे पड़ा मिला तिरंगा

### ग्रामीणों ने ससम्मान उठाया; जिम्मेदारों की गैरमौजूदगी पर उठे सवाल

**शिवपुरी, जीएनएस।**

शिवपुरी जिले की पोहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रई में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत भवन परिसर में तिरंगा नीचे पड़ा हुआ मिला। यह देखकर ग्रामीणों ने आगे बढ़कर राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान उठाया। भौगोलिकसंदर्भ घटना ऐसे समय सामने आई, जब पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया जा रहा था। सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी जा रही थी। वहीं हर्रई ग्राम पंचायत में पंचायत भवन परिसर में तिरंगा नीचे पड़ा मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली।

**न सरपंच पहुंचे, न सचिव की मौजूदगी**

ग्रामीणों का आरोप है कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पदाधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों के मुताबिक न तो सरपंच मौके पर पहुंचे और न ही सचिव की मौजूदगी दिखाई दी।

## राज्यपाल श्री पटेल ने लोकभवन में किया ध्वजारोहण

**भोपाल, जीएनएस।**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोकभवन में ध्वजारोहण किया। लोकभवन के स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, सदस्य सचिव जनजाति प्रकोष्ठ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, राज्यपाल के उप सचिव श्री सुनील दुबे मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने राष्ट्रीय उत्सव स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय समारोह में आकाश में तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। समारोह



में पुलिस बैंड ने राष्ट्र धुन बजाई गई। समारोह में ध्वजारोहण से पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन हुआ। सुरक्षा बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने लोकभवन सचिवालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया।

## 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर बिगड़ी प्रभारी मंत्री की तबियत, कलेक्टर ने पहराया तिरंगा,स्कूली बच्चों की देश प्रेम की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**शिवपुरी, जीएनएस।**

आज शिवपुरी में तिरंगा अपनी पूरी आन बान शान से पहराया, आज भोपाल से जारी आदेश में शिवपुरी के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर मुख्य आयोजन में झंडा बंधन करने आने थे, परन्तु प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर की तबियत खराब होने के चलते वह शिवपुरी नहीं आ सके, जिसके चलते कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शिवपुरी में झंडा बंधन किया। पर्यटकोंके घूमने-फ़िरने की जगहें

**शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका**

पर्यटकों के घूमने-फ़िरने की जगहें

पूरे जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सुबह 9ऱ05 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और कलेक्टर ने संयुक्त परेड का निरीक्षण कर सलामी ली।

समारोह में मुख्य अतिथि का आगमन सुबह 8ऱ58 बजे हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगीत का गायन किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस बल सहित विभिन्न टुकड़ियों



ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। इस दौरान हर्ष फायर भी किया गया।

संयुक्त परेड में कुल 12 प्लाटून शामिल थीं। परेड का नेतृत्व प्रोबेशनल डीएसपी नितिन धुर्वे ने किया, जबकि 2द्धष्ट भानु प्रताप यादव ने परेड व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस एवं विभिन्न सुरक्षा बलों की टुकड़ियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कानूनप्रवर्तन

सुबह 9ऱ30 बजे मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का लाइव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री के संदेश के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले में हुए विकास कार्यों, शासन की विभिन्न योजनाओं और हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को दिए गए लाभ की जानकारी दी। उन्होंने जिले की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामना संदेश का वाचन किया।

**विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां**

समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया गया। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने समारोह में मौजूद लोगों में उत्साह और देशभक्ति का भाव भर दिया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
# श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026



## GWALIOR GLORY HIGH SCHOOL



Shivpuri Link Road, Gwalior Phone : 0751-2640101, 2510939
Visit Us : www.gwaliorgloryhighschool.ac.in

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

नगर परिषद पिछोर
जिला शिवपुरी (म.प्र.)



आलोक त्रिपाठी
मुख्य नगर पालिका अधिकारी



श्रीमती कविता पाठक
अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस
की सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। पानी न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पानी के बिना, मनुष्यों के साथ-साथ जानवरों का अस्तित्व भी असंभव है। वायु के बाद, पानी किसी भी जीवित प्राणी के अस्तित्व के लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है।

हम अपने घर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करके सीधे गाड़ी में डालेंगे।

करैरा बदल रहा है...

राजीव सिकरवार
सहायक
नगर पालिका करैरा

भोपाल गुप्ता



श्रीमती शारदा-रामस्वरूप रावत
अध्यक्ष

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026

नगर परिषद करैरा, जिला शिवपुरी म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की
समस्त जिला वासियों एवं
छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को
हार्दिक शुभकामनाएं

रामेश्वर प्रसाद दीक्षित
प्राचार्य शा. एजुकेशन फॉर ऑल शा. उ. मा. विद्यालय क्रमांक 02, दतिया म.प्र.

# नगर परिषद कैलारस, जिला मुरैना

स्वतंत्रता दिवस
की सभी क्षेत्रवासियों को
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वतंत्रता ही समृद्धि का आधार है।

जन-जन बढ़ाएगा सफाई में हाथ,
तभी मिलेगा स्वच्छता का साथ।

पार्षदगण
कल्लू कुशवाह, श्रीमती अनीता राजव मुख्य, वीरेन्द्र सोलंकी, श्रीमती अनीता राजू गुप्ता, दरोगा खान, श्रीमती सीमा कल्लू ठाकुर, श्रीमती रीना कुलदीप मसीरिया, श्रीमती विनिता विवेक एलेला, धारा सिंह सोलंकी, मोहित शुक्ला, शम्मा कुरैशी, विवेश हरदेविया, श्रीमती लक्ष्मी पूरन शिवहरे

श्रीमती अंजना ब्रजेश बंसल
अध्यक्ष

श्रीमती सीमा अशोक राणावत
उपाध्यक्ष

रामप्रकाश जगनौरिया
सीएमओ

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

अपील- मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें, पानी ढक कर रखें। फूल काढ़े, पहनें, घरों में कूलर और पानी की टंकी की नियमित सफाई करें।

जिला स्वास्थ्य विभाग शिवपुरी

डॉ. संजय ऋषिश्वर
सीएमएचओ

स्वतंत्रता दिवस की
समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच
श्रीमती किशनादेवी अहिरवार

सचिव
जगदीश परिहार

रोजगार सहायक
दिनेश कुमार शर्मा

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं,
गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत मिटौरा, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की
समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच
बृजेन्द्र दुबे

सचिव
अनिल यादव

रोजगार सहायक
श्रीमती पूजा यादव

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं,
गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत चिरूला, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त
ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती अर्चना प्रजापति
सरपंच

दशरथ महाजन
सचिव

ब्रजमोहन यादव
रोजगार सहायक

अपील :
पौधे लगाएं,
पर्यावरण बचाएं,
गांव को साफ-स्वच्छ
रखने में सहयोग
करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत अगोरा, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की
समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच
श्रीमती शांति कुशवाह

सचिव
दीपक शर्मा

रोजगार सहायक
जयदीप सेन

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं,
गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत नौनेर, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की
समस्त प्रदेश, दतिया जिला वासियों एवं
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज,
दतिया के छात्र-छात्राओं, कॉलेज स्टॉफ
हार्दिक शुभकामनाएं

स्वप्निल वानखेड़े
कलेक्टर,
दतिया

विपिन गोस्वामी
अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, पीजी कॉलेज दतिया

डॉ. जयश्री त्रिवेदी
प्राचार्य
शा. पीजी कॉलेज
दतिया


डॉ. पी. शिवसिंह, वित्त नियंत्रक, शासकीय पीजी कॉलेज, दतिया म.प्र.

निवेदक-प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,
शासकीय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दतिया

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की समस्त
प्रदेशवासियों, दतिया जिलावासियों
एवं दतिया विधानसभा क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



मांडवी कुमारी
पूर्व महासचिव
म.प्र. महिला कांग्रेस



घनश्याम सिंह
विधायक दतिया

स्वतंत्रता दिवस की
समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच
ममता यादव

सचिव
राजेश

रोजगार सहायक
धर्मवीर मिश्रा

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं,
गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत भागौर, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
दैनिक श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026


# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 : खनियाधाना शिविर में हुआ "उद्यम संवाद"

## औद्योगिक विकास और समस्याओं को लेकर उद्यमियों से की चर्चा 4 करोड़ 50 लाख का भावी निवेश प्रस्तावित, उद्यम क्रांति योजना में 6 लाख 68 हजार के ऋण स्वीकृत



शिवपुरी, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत अम्बेडकर भवन, नगर परिषद खनियाधाना में भव्य ÷उद्यम संवाद कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में संभागायुक्त श्री मनोज खत्री भी शामिल हुए।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने स्थापित उद्यमियों, व्यापारियों तथा नया उद्योग लगाने के इच्छुक युवाओं से सीधा संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने क्षेत्र में पूर्व से संचालित इकाइयों के स्थापित उद्यमियों से चर्चा कर उनके व्यावसायिक अनुभवों, उत्पादन की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं को जाना। इसके साथ ही उन्होंने नया व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक युवाओं का भी मार्गदर्शन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थापित व नए सभी उद्योगों को बिजली तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि नया उद्योग लगाने वाले युवाओं को कागजी प्रक्रियाओं से लेकर धरातल पर यूनिट स्थापित करने तक पूरा प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

स्थानीय उद्योगों में 4.50 करोड़ के नए निवेश का प्रस्ताव क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने और एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से कई उद्यमियों ने अपनी नई एवं विस्तार योजनाओं के तहत निवेश के प्रस्ताव रखे। संवाद के दौरान नितेन्द्र चौबे द्वारा एम-सैंड प्लांट हेतु 2 करोड़ रुपये, ब्रजेन्द्र चौबे द्वारा कृषि उपकरण निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये, मे. कान्हा ट्रेडर्स प्रो. दिनेश साहू द्वारा ऑइल मिल व मूंगफली दाना निर्माण हेतु 50 लाख रुपये, मे. अरिहंत ऑइलसीड प्रोसेसिंग प्रो. संस्कार जैन द्वारा ऑइल मिल हेतु 50 लाख रुपये तथा मे. पंकज एग्रो इंडस्ट्रीज प्रो. पुष्पेंद्र झा द्वारा स्टील फेब्रिकेशन एवं एग्रो इंडस्ट्रीज हेतु 50 लाख रुपये का निवेश प्रस्ताव रखा गया। इस प्रकार उद्यमियों द्वारा कुल 4 करोड़ 50 लाख रुपये के नए एवं भावी निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिससे क्षेत्र में रोजगार के कई नए अवसर सृजित होंगे।

*स्थापित उद्यमियों की सहभागिता*

कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व से स्थापित एवं संचालित उद्यमों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से मे. एमके ट्रेडर्स के प्रो. आशीष जैन 40 लाख रुपये, मे. संजय ट्रेडर्स के प्रो. संजय जैन 40 लाख 65 हजार रुपये, वैष्णवी टेंट हाउस के प्रो. दिनेश कुमार झा 5 लाख 2 हजार रुपये, मे. जेएस एजेंसी के प्रो. जितेन्द्र साहू 7 लाख रुपये, मे. गुरुकृपा ट्रेडर्स के प्रो. कमलेश कुमार साहू 4 लाख 56 हजार रुपये, मे. गिरराज स्टील्स के प्रो. गुरुदयाल झा 50 लाख रुपये, दीपक साहू 7 लाख 83 हजार रुपये, मे. दिव्यांश ट्रेडर्स के प्रो. अशोक साहू 2 लाख 3 हजार रुपये एवं मे. आरके किराना स्टोर के प्रो. राकेश कुमार लोधी 2 लाख 4 हजार रुपये के निवेश के साथ शामिल रहे।

*स्वरोजगार हेतु उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रमाण पत्र एवं ऋण वितरण*

कार्यक्रम में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और नए छोटे व्यवसाय शुरू कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत कुल 6 लाख 68 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके तहत धर्मेंद्र केवट को कियोस्क संचालन हेतु 73 हजार रुपये, अरुण कुमार झा को वेल्डिंग शॉप हेतु 3 लाख 20 हजार रुपये, राहुल देव जोशी को कियोस्क संचालन हेतु 75 हजार रुपये तथा ब्रजेश कुमार साहू को किराना व्यापार हेतु 2 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय राज, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शिवपुरी के महाप्रबंधक श्री अजय तिवारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी व नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान; कलेक्टर श्री वर्मा ने खनियाधाना में किया ऑयल मिल का किया निरीक्षण

## एमएसएमई प्रोत्साहन योजना से उद्योग को मिलेगी रफ्तार



शिवपुरी, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित उद्यम संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने खनियाधाना स्थित एक नई अक्षत फूड ऑयल मिल यूनिट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के प्रसार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री अजय तिवारी भी उपस्थित रहे। आधुनिक मशीनों से लैस है यूनिट यह ऑयल मिल राजेश जैन द्वारा संचालित की जा रही है। इस नई इकाई में उच्च गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक वाली मशीनें लगाई गई हैं। मिल में मुख्य रूप से मूंगफली और सरसों का शुद्ध तेल तैयार किया जाएगा, और मिल से ही पैकेजिंग ओर ब्रांडिंग के बाद सीधा बाजार में बेचा जाएगा। जिससे स्थानीय किसानों की उपज को भी सही दाम और बाजार मिल सकेगा।

*एमएसएमई प्रोत्साहन योजना का मिलेगा लाभ*

निरीक्षण के दौरान बताया कि यह नया उद्योग क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस स्थापित इकाई के अंतर्गत शासन की एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) प्रोत्साहन योजना का लाभ लिया जाएगा, जिससे इकाई को वित्तीय व तकनीकी संबल प्राप्त होगा।

*कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश*

निरीक्षण के समय कलेक्टर श्री वर्मा ने इकाई के संचालन, गुणवत्ता मानकों और सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। उन्होंने उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर इस तरह के आधुनिक उद्योगों की स्थापना से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उद्योग से जुड़े आवश्यक शासकीय सहयोग एवं प्रक्रियात्मक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हाईकोर्ट खण्डपीठ-ग्वालियर में गूंजे देशभक्ति के सुर

## बीएसएफ टेकनपुर के बैंड प्लाटून ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुति



ग्वालियर, देश के 80वे स्वतंत्रता दिवस के गौरवशाली अवसर पर राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति कर्तव्य भावना को सुदृढ करने के उद्देश्य से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर परिसर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीमा सुरक्षा बल, टेकनपुर के 20 सदस्यीय बैंड प्लाटून द्वारा बाद्य यंत्रों के माध्यम से देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक संगीतमय प्रस्तुति दी गई। उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री जी. एस. आहलूवालिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारीगण में स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक गौरव को प्रसारित करने के साथ-साथ राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिये स्वतंत्रता सेनानियों और देश के वीर जवानों के बलिदानों से भी अवगत कराना था, जिससे एक अनुशासन, एकता और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का माहौल बन सके। बी.एस.एफ. बैंड प्लाटून, टेकनपुर द्वारा राष्ट्रीय गीत, माँ तुझे सलाम, ए मेरे वतन के लोगों, कदम-कदम बढाये जा, हे प्रीत जहां की रीत सदा, मेरा कर्मा तू, सत्य मेव जयते आदि धुनों पर दी गई उत्साहवर्द्धक व रोमांचक प्रस्तुति ने उपस्थित जन में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और अधिक प्रबल किया तथा मंत्रमुग्ध कर जोश व उल्लास से परिपूर्ण कर दिया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री जी. एस. आहलूवालिया सहित न्यायमूर्ति श्री मिलिंद रमेश फडके, न्यायमूर्ति श्री आशीष श्रोती, न्यायमूर्ति श्री अमित सेठ, न्यायमूर्ति श्री पुष्पेन्द्र यादव, न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत, न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार गुप्ता तथा न्यायमूर्तिगण के परिवार के सदस्य, ग्वालियर के प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर व प्रधान जिला न्यायाधीश (सतकर्ता) श्री जाकिर हुसैन, खण्डपीठ-ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री राजीव के. पाल, जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री पवन पाठक व सचिव श्री महेश गोयल, अतिरिक्त महाधिवक्तागण व डिप्टी सॉलीसीटर जनरल श्री प्रवीण नेवास्कर, सीनियर एडवोकेट्स सहित अन्य अधिवक्तागण, उच्च न्यायालय में पदस्थ न्यायिक व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। कार्यक्रम के अंत में बी.एस.एफ. बैंड प्लाटून, टेकनपुर की शानदार व अनुशासित प्रस्तुति को प्रोत्साहित करने हेतु उपस्थित समस्त न्यायमूर्तिगण द्वारा बैंड प्लाटून को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन खण्डपीठ-ग्वालियर के डिप्टी रजिस्ट्रार श्री अनिल देशमुख द्वारा तथा स्वागत भाषण एवं आभार प्रदर्शन ओएसडी / रजिस्ट्रार श्री ऋतुराज सिंह चौहान द्वारा किया गया।



























स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026


निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
श्रमसाधना

## संपादकीय

# परिसीमन के इर्द-गिर्द ही घूम रही है भाजपा की राजनीति

मानसून सत्र के दौरान भाजपा की सबसे बड़ी राजनीतिक प्राथमिकता परिसीमन विधेयक को आगे बढ़ाने की रही। सत्र शुरू होने से पहले सियासी गलियारों में चर्चा थी कि टीएमसी और शिवसेना (यूबीटी) में विभाजन के बाद सत्तारूढ़ एनडीए संसद में दो-तिहाई बहुमत के करीब पहुंच गया है। बंगाल में मिली चुनावी सफलता से उत्साहित भाजपा को उम्मीद थी कि वह महिला आरक्षण विधेयक से जुड़े परिसीमन कानून को पारित करा सकेगी।

विपक्षी दलों को आशंका थी कि भाजपा इस विधेयक को जल्दबाजी में पारित कराना चाहती है, ताकि निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन के जरिए 2029 के लोकसभा चुनाव में उसे राजनीतिक लाभ मिल सके। यही वजह है कि परिसीमन को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक खींचतान तेज बनी हुई है।

टीएमसी और शिवसेना में विभाजन के बाद एनडीए को लोकसभा में अतिरिक्त समर्थन मिला। इसके बाद भाजपा ने डीएमके और एनसीपी (एसपी) जैसे दलों से बातचीत शुरू की। डीएमके के लोकसभा में 22 सांसद हैं, जबकि एनसीपी (एसपी) के आठ सांसद हैं। हालांकि छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों ने राजनीतिक माहौल बदल दिया और इन दलों ने विधेयक के समर्थन को लेकर अपने कदम रोक दिए।

शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर युवाओं का आंदोलन तेजी से राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन गया है। दिल्ली के बाद झारखंड और बिहार में भी छात्रों की सक्रियता बढ़ी। प्रयागराज में राहुल गांधी के छात्र संवाद कार्यक्रम को मिली प्रतिक्रिया ने भी विपक्ष को नया मुद्दा दिया।

इस आंदोलन का असर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े चुनावी राज्य में दिखाई दे सकता है, जहां युवा मतदाताओं की संख्या राजनीतिक दलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि युवाओं से जुड़े मुद्दे अब केवल सामाजिक नहीं बल्कि चुनावी मुद्दे भी बनते जा रहे हैं। कांग्रेस ने इस पूरे मामले में गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए सदन में जवाब की मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि छात्रों के प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग को लेकर सरकार को जवाब देना चाहिए। दूसरी ओर भाजपा ने परिसीमन विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कोशिशें तेज कर दीं।

प्रधानमंत्री ने एनसीपी (एसपी) के सांसदों से मुलाकात की और विपक्षी दलों को साथ लाने के प्रयास किए गए। सरकार ने एफसीआरए विधेयक पर भी लचीला रुख अपनाने का संकेत दिया और इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने पर सहमति जताई। संभावना है कि परिसीमन से जुड़े नए प्रस्ताव में सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान हो सकता है। चर्चा है कि लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर करीब 850 तक करने का प्रस्ताव सामने आ सकता है। इससे महिला आरक्षण को लागू करने का रास्ता भी आसान हो सकता है। हालांकि भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस विधेयक को सर्वसम्मति या पर्याप्त समर्थन के साथ पारित कराना होगी।

दक्षिणी राज्यों की चिंताओं को दूर करना भी

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209
प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

### स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

# खुदीराम बोस : 118 साल बाद भी गूंजते हैं जिसकी शहादत के किस्से

**कुमार कृष्णन**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम केवल राजनीतिक नेताओं, कांग्रेस के अधिवेशनों, आंदोलनों और जेल यात्राओं का इतिहास नहीं है। यह उन असंख्य युवाओं के साहस, त्याग और बलिदान की भी कहानी है, जिन्होंने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए अपने जीवन की सबसे सुंदर संभावनाओं को देश के नाम कर दिया। उन्नीसवीं सदी के अंतिम वर्षों और बीसवीं सदी के आरंभ में भारतीय राजनीति एक निर्णायक मोड़ से गुजर रही थी। अंग्रेजी शासन की आर्थिक लूट, राजनीतिक दमन और नस्ली भेदभाव के विरुद्ध असंतोष बढ़ रहा था। 1905 में बंगाल विभाजन ने इस असंतोष को व्यापक जनचेतना में बदल दिया। स्वदेशी आंदोलन ने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के साथ आत्मसम्मान, स्वावलंबन और राजनीतिक स्वतंत्रता की चेतना को नई धार दी।

इसी वातावरण में युवाओं की एक ऐसी पीढ़ी सामने आई, जिसके लिए देश की स्वतंत्रता व्यक्तिगत जीवन से कहीं बड़ा लक्ष्य बन गई थी। किसी ने सत्याग्रह और जनआंदोलन का रास्ता चुना, किसी ने लेखनी और पत्रकारिता को हथियार बनाया, तो किसी ने भूमिगत क्रांतिकारी गतिविधियों का। इन रास्तों और तरीकों को लेकर इतिहास में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन युवाओं के भीतर औपनिवेशिक शासन से मुक्ति की तीव्र आकांक्षा थी। इसी पीढ़ी के सबसे उज्ज्वल और मार्मिक चेहरों में एक नाम था खुदीराम बोस। 118 वर्ष बाद, 11 अगस्त की सुबह मुजफ्फरपुर की हवा में उसी इतिहास की आवाज एक बार फिर सुनाई दी। ठीक उसी समय, जब 118 वर्ष पहले युवा क्रांतिकारी खुदीराम बोस को मुजफ्फरपुर केंद्रीय कारा में फांसी दी गई थी, आज फिर वहां देशभक्ति के स्वर गूंजे। मेदिनीपुर से आए लोग अपने साथ उनके गांव की मिट्टी और काली मंदिर का प्रसाद लेकर पहुंचे। फांसी स्थल पर उस मिट्टी से पौधा लगाया गया और श्रद्धा के साथ प्रसाद अर्पित किया गया। यह केवल श्रद्धांजलि नहीं थी यह उस ऐतिहासिक रिश्ते की पुनर्पुष्टि थी, जो मेदिनीपुर के एक किशोर और मुजफ्फरपुर की धरती के बीच शहादत ने कायम किया था। यह दृश्य अपने आप में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उस साझी विरासत का प्रतीक है, जिसकी कोई प्रांतीय सीमा नहीं थी। खुदीराम का जन्म बंगाल में हुआ, लेकिन उनकी शहादत ने मुजफ्फरपुर को उनके जीवन का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण अध्याय बना दिया। इसलिए मेदिनीपुर से लाई गई मिट्टी का मुजफ्फरपुर में पहुंचना केवल भावनात्मक घटना नहीं है। यह उस राष्ट्रीय चेतना का स्मरण है, जिसमें भारत के अलग-अलग हिस्सों के लोग एक-दूसरे के संघर्ष और बलिदान को अपना मानते थे। 3 दिसंबर 1889 को बंगाल के मिदनापुर जिले में जन्मे खुदीराम ने बचपन में ही माता-पिता को खो दिया। बड़ी बहन ने उनका पालन-पोषण किया। सामान्य परिस्थितियों में उनका जीवन भी किसी अन्य किशोर की तरह पढ़ाई, परिवार और भविष्य की योजनाओं के बीच आगे बढ़ सकता था। लेकिन जिस समय वे बड़े हो रहे थे, वह सामान्य समय नहीं था। बंगाल में राजनीतिक चेतना तेजी से फैल रही थी। स्वदेशी आंदोलन ने विद्यार्थियों और युवाओं को विशेष रूप से प्रभावित किया था। किशोर खुदीराम भी इस वातावरण से अछूते नहीं रहे। वे राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ने लगे और धीरे-धीरे भूमिगत क्रांतिकारी संगठनों के संपर्क में आए। उन्होंने पढ़ाई छोड़कर क्रांतिकारी गतिविधियों का रास्ता चुना। यह निर्णय आज के नजरिए से भले ही असाधारण लगे, लेकिन उस दौर के राजनीतिक वातावरण को समझे बिना इसकी व्याख्या अधूरी रहेगी। 1906 में 'सोनार बांग्ला' जैसे प्रतिबंधित साहित्य के वितरण के आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई, लेकिन वे पुलिस को चकमा देकर निकल गए। बाद में फिर गिरफ्तार हुए और चेतावनी देकर छोड़ दिए गए। अंग्रेजी पुलिस शायद उनकी उम्र को उनकी राजनीतिक समझ से बड़ी भूल समझ रही थी। जिस उम्र में अधिकांश किशोर अपने भविष्य के सपने बुनते हैं, उस उम्र में खुदीराम औपनिवेशिक सत्ता को चुनौती देने के रास्ते पर आगे बढ़ चुके थे।

### 80वां स्वतंत्रता दिवस

# इतिहास से भविष्य की ओर बढ़ता भारत, 2047 के युवा भारत की नई उड़ान

वैश्विक स्तरपर 15 अगस्त 2026 भारत के इतिहास में केवल एक और स्वतंत्रता दिवस नहीं होगा। यह वह अवसर है,जब देश अपनी आजादी के 80वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाएगा और साथ ही 150 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुके राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को भी विशेष राष्ट्रीय सम्मान के साथ स्मरण करेगाहालांकि 1947 से 2026तक स्वतंत्रता की अवधि 79 वर्ष पूर्ण हुई है,इसलिए संवैधानिक/ऐतिहासिक गणना में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह कहना अधिक उपयुक्त है। इस वर्ष का उत्सव एक ऐसे भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता दिखाई दे रहा है,जहां अतीत की स्वतंत्रता- स्मृतियां और भविष्य की युवा आकांक्षाएं एक ही मंच पर मिल रही हैं। वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के लिए 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी वर्षभर का कार्यक्रम पहले ही शुरू किया जा चुका है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बताना चाहूंगा क़ि वंदे मातरम् की इस ऐतिहासिक गूंज के साथ एक महत्वपूर्ण संवैधानिक और कानूनी अध्याय भी जुड़ चुका है। प्रेवेंशन ऑफ़ इंसल्ट्स टू नेशनल हॉनर (अमेन्डमेंट ) बिल,2026 को संसद में राज्यसभा ने 29 जुलाई 2026 और लोकसभा ने 30 जुलाई 2026 को पारित कियाथा। इस विधेयक पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 11 अगस्त 2026 को अपने हस्ताक्षर किए,जिसके बाद यह कानून बन गया है, अब यह राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रीय गान के समान वैधानिक संरक्षण देने वाला कानून बनाया गया। इसके तहत राष्ट्रीय गीत के गायन को जान बूझकर रोकने या उसमें व्यवधान डालने पर वही दंडात्मक प्रावधान लागू किए गए हैं जो राष्ट्रीय गान के संदर्भ में हैंइसलिए 15 अगस्त



2026 का लाल किला केवल अतीत को याद करने का मंच नहीं,बल्कि 2047 के विकसित भारत की दिशा निर्धारित करने वाला राष्ट्रीय संवाद बन सकता है।देश के सामने एक तरफ तिरंगे की शान, हर घर तिरंगा, तिरंगा बाइक रैलियां,सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रगीत की गूंज होगी, तो दूसरी तरफ बेरोजगारी प्रतियोगी

परीक्षाओं की पारदर्शिता पेपर लीक शिक्षा कौशल रोजगार स्टार्टअप डिजिटल अर्थव्यवस्था कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानसिक दबाव और युवाओं की राजनीतिक भागीदारी जैसे सवाल भी होंगे। यही कारण है कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को युवा शक्ति के उत्सव के रूप में देखना महज भावनात्मक विचार नहीं, बल्कि सटीकता से समय की आवश्यकता प्रतीत होता है।

साथियों बात अगर हम लाल किले से 'वंदे मातरम्' की गूंज और 150 वर्षों कीऐतिहासिक यात्रा को समझने की करें तो 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं,बल्कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। इसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में रचा था और बाद में यह स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय जागरण का स्वर बना। भारत सरकार ने 2025-26 को इसकी 150वीं वर्षगांठ का वर्ष घोषित करते हुए वर्षभर के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शुरुआत की है।15 अगस्त 2026 के समारोह में इसका विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि राष्ट्रगीत की 150 वर्ष की यात्रा को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय मंच से जोड़ना अतीत और वर्तमान के बीच एक प्रतीकात्मक सेतु तैयार करता है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार इस अवसर पर लाल किले से 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति को विशेष महत्व दिया जाएगा।यहां लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण कसौटी भी सामने आती है राष्ट्रप्रेम केवल कानून से पैदा नहीं होता; वह नागरिक चेतना, स्वैच्छिक सम्मान और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता से मजबूत होता है। इसलिए 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होगा जब यह गीत भारतीयों को केवल अतीत के बलिदानों की याद न दिलाए, बल्कि वर्तमान में राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी का भी एहसास कराए।

साथियों बात अगर हम 80 वां स्वतंत्रता दिवस- तिरंगे के साथ युवा भारत की नई उड़ान इसको समझने की करें तो, इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का सबसे महत्वपूर्ण संदेश संभवतः युवा भारत के नाम हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसका विशाल युवा वर्ग है। आज का युवा केवल नौकरी मांगने वाला नागरिक नहीं है; वह स्टार्टअप बना रहा है, डिजिटल अर्थव्यवस्था खड़ी कर रहा है, अंतरिक्ष और विज्ञान में आगे बढ़ रहा है, खेलों में विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहा है और लोकतांत्रिक विमर्श में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। सरकारी माय भारत कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस 2026 के लिए युवाओं की भागीदारी पर आधारित क्विज और अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं तथा चयनित प्रतिभागियों को लाल किले के समारोह में आमंत्रित किए जाने की व्यवस्था की गई। यह स्वयं इस बात का संकेत है कि इस वर्ष समारोह में युवा सहभागिता को विशेष स्थान दिया जा रहा है।इसका व्यापक अर्थ यह है कि स्वतंत्रता दिवस का मंच अब केवल स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की स्मृति तक सीमित नहीं रह सकता। आजादी की अगली परीक्षा यह है कि भारत का युवा अपने सपनों को अवसर में और अवसर को उपलब्धि में बदल पाता है या नहीं। युवा पूछ रहा है,शिक्षा कितनी गुणवत्तापूर्ण होगी? रोजगार कितने मिलेंगे? प्रतियोगी परीक्षाएं कितनी पारदर्शी होंगी? पेपर लीक कब रुकेगा? एआई और ऑटोमेशन के युग में भविष्य की नौकरियां कैसी होंगी? ग्रामीण और छोटे शहरों के युवाओं को समान अवसर कैसे मिलेगा? और राजनीति में युवाओं की भागीदारी केवल चुनावी नारों तक सीमित रहेगी या निर्णय- निर्माण में भी उनकी वास्तविक भूमिका बढ़ेगी ?यही वे असल सवाल हैं जो 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से निकलने वाले किसी भी युवा-केंद्रित संदेश को सटिका से ऐतिहासिक बना सकते हैं।

साथियों बात कर हम संसद का मानसून सत्र- आजादी के 80 वर्ष बाद लोकतांत्रिक संवाद पर सवाल को समझने की करें तो 15 अगस्त के

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026


# सरल हृदय, फौलादी इरादे वाले शख्सियत थे अटल जी

## (अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर विशेष)

**मुकेश तिवारी**

प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी से पहले के , पूर्वाद्ध की सरकारों के दौरान शासन तो था लेकिन सुशासन कहीं विलुप्त हो गया था। 1998 में गठबंधन की सरकार में प्रधानमंत्री पद की बागडोर संभालते ही उन्होंने स्वराज को सुराज में बदलने का संकल्प लिया और जनहित के अपने ऐतिहासिक निर्णय से इसे साकार भी करके दिखलाया। अटल जी को अगर सुशासन का पर्याय कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी ।

चाहे आधार भूत ढांचे के क्षेत्र में , स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना से देश के विकास को गति देना हो या गांवों में सड़कों का जाल बिछाने की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना या फिर संचार के क्षेत्र में मोबाइल क्रांति का जन-जन तक पहुंचाना।

देश में सुशासन को स्थापित करने में अहम ये क्षेत्र महान संवेदनशील कवि हृदय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का पर्याय बन चुके हैं । पोखरण में परमाणु परीक्षण हो या कारगिल विजय या फिर बिना विवाद के तीन नए राज्यों का गठन ,चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के मध्य जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने के साथ भारत में सुशासन की नई तस्वीर पेश करने के लिए तो अटल जी को सदैव के स्मरण किया ही जाएगा। इसके साथ ही इतिहास के आईने में जब भी उन्हें तौला जाएगा, भारत की राजनीति में नैतिकता के उच्च मापदंड स्थापित करने वाले शिखर पुरुष के तौर पर भी हमेशा याद रखा जाएगा। वर्ष 1999 में ओडिशा के मुख्यमंत्री रहते हुए गिरधर गंमांग ने 60 दिनो तक लोकसभा की सदस्यता नहीं छोडी और लोकसभा में विश्वासमत विभाजन के समय अटल सरकार के खिलाफ वोट दिया। ओडिशा के मुख्यमंत्री गमांग के एक वोट की वजह से अटल जी अपने पद से त्यागपत्र देना पडा।हालांकि उसके पश्चात हुए मध्यावधि चुनाव में अटल जी पुनः विजय हुए और एक बार फिर से प्रधानमंत्री बने।

पाठशाला से लेकर कॉलेज तक ओजस्वी और चुटीले भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिता में निरंतर भागीदारी ने अटल जी के व्यक्तित्व के उस पहलू को सबसे ज्यादा निखारा जो उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा आधार था ।अटल जी ने वाणी की ओजस्वता के साथ कलम की तेजस्विता का बखूबी समन्वय किया,अटल जी ने पांचजन्य व राष्ट्रधर्म का संपादन भी किया। दिलचस्प बात यह है कि अटल जी सिर्फ संपादकीय ही नहीं लिखते थे ,बल्कि लखनऊ में आमीनाबाद की मारवाड़ी गली में बिना किसी हिचकिचाहट के पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ राष्ट्रधर्म के बंडल भी बाधते थे।वे संयुक्त राष्ट में हिंदी में भाषण देने वाले पहले भारतीय नेता थे, इतना ही नहीं उन्होंने 1998में पोखरण में परमाणु परीक्षण करके विश्व भर को भारत की शक्ति का अहसास कराया।

राजनीति और लोकप्रियता में हर समकालीन से काफी ऊंचे भारत रत्न से सम्मानित और तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेई ने देश के आजाद होने से पूर्व और आजाद होने के पश्चात अपना संपूर्ण जीवन देश और देशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनकी वाणी से असाधारण शब्दों को सुनकर जनसामान्य उत्साहित होते रहे और उनके कार्यों से हिंदुस्तान का मस्तक ऊंचा हुआ ।अटल जी को परमपिता परमेश्वर ने वह रुखियाई कभी नहीं दी जो शिखर पर बैठे लोगों में देखने को अक्सर मिलती है ।कड़वा सच तो यह है कि यही अद्भुत कला उनके जन जन का लोकप्रिय नेता होने की सबसे अहम वजह थी।

व्यक्तित्व के रोम- रोम में रची बसी ठेठ भारतीय संस्कृति भोजन से लेकर व्यवहार तक ख़ालिस स्थान भारतीय संस्कार राजनीति की रपटीली राह पर सरपट चलते हुए भी साहित्य से गहरा नाता ,अनुभवों को पंक्तियों में ढाल लेने की कवित्व प्रतिभा यह सब अटल जी के ही व्यक्तित्व के आयाम थे ।इन्हीं गुणों ने उन्हें जमीनी नेता बनने में अहम भूमिका अदा की।

ऐसे महाजननायक अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म

25 सितंबर 1924 को ग्वालियर के शिंदे की छावनी में कमल सिंह का बाग स्थित कृष्ण बिहारी वाजपेई के घर में जब अटल जी जन्मे उसे दिन क्रिसमस का दिन था। गिरजाघर की घंटियों के बीच अटल जी के घर में थाली बजी थी । उनके पिता उत्तर प्रदेश के बटेश्वर से ग्वालियर रियासत में शिक्षक की नौकरी करने आए थे। मां कृष्णा की अटल सातवीं में संतान थे। धार्मिक और ज्योतिषी बाबा श्यामलाल वाजपेई के संस्कारों बटेश्वर मंदिर में देवी प्रार्थना और घुट्टी में मिली रामचरितमानस ने अटल जी को उतना ही धार्मिक बनाया जितना एक सामान्य भारतीय होता है। घनाक्षरी व सवैया छंदों के महारथी पिता कृष्ण बिहारी वाजपेई ने अटल जी को जो संस्कार दिए वह बचपन से लेकर चाहे वह आपातकाल की जेल यात्रा हो या फिर राजनीतिक जीवन के उतार चढ़ाव हर जगह काम आते रहे।

मध्यवर्ग की शिक्षक के बेटे अटल को चरित्र का जो पाठ पढ़ाया गया था वहां उनकी अंतिम सांस तक साथ रहा ।पिता द्वारा पारिवारिक गुरु से अटल जी की पट्टी पुजाई और फिर प्रारंभ हुई शिक्षक पिता की अपने बेटे को दीक्षा। गोरखी स्कूल से मिडिल और ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज से जो वर्तमान में एम एल बी कॉलेज कहलाता है से ग्रेजुएशन किया। कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीति शास्त्र से ग्रेजुएशन किया।अटल जी ने कानून की तालीम अपने पिता के साथ की। दोनों एक साथ हॉस्टल में रहते थे और एक साथ ही कालेज में जाते थे । हालांकि बीच में उन्हें कानून की पढ़ाई छोड़ने पड़ी ।अटल जब क्लास में नहीं होते तो प्रोफेसर पूछ बैठे पंडित जी आपके साहबजादे कहां है। वह जवाब देते कमरे की कुंडली लगाकर आते ही होंगे।15 साल की आयु में ही अटल जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। नारायण राव तरटे उस वक्त ग्वालियर में प्रचारक थे ।वाजपेई जी के जीवन में आए हुए सबसे महत्वपूर्ण लोगों में नारायण राव तराटे भी है ।संघ के संस्कारों में अटल जी ने बच्चन के चर्चित गीत मिट्टी का तन क्षण भर जीवन मेरा परिचय के आधार पर अपनी जग प्रसिद्ध कविता लिखी जो उन्होंने 1942 में लखनऊ के कालीचरण हाई स्कूल में लगे शिविर में पहली बार प्रस्तुत की थी। उक्त कविता थी।हिन्दू तन मन हिन्दू जीवन रग रग हिन्दू मेरा परिचय।

अटल जी ने बी ए में हिंदी ,संस्कृत और अंग्रेजी तीनों साहित्य एक साथ पढे जो उन दिनों सिर्फ आगरा विश्वविद्यालय में ही पढ़ाई जाते थे ।अटल जी ने एम ए में विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अपनी वाक प्रतिभा और निखरी तथा उन्हें कानपुरिया तहजीब की ठसक के साथ कन्नौजी और बैसवारी भाषा के संस्कार मिले । किशोरवस्था में पहली बार रटकर भाषण देने की छूट होने के बावजूद अटल जी ने प्रत्युत्पन्नमति के आधार पर भाषण देने की जो गांठ बांधी थी वह फरवरी 2009 में ब्रेन स्ट्रोक होने के पूर्व तक उनके साथ रही । स्कूल से लेकर कॉलेज तक ओजस्वी और चुटीले भाषण व बाद विवाद प्रतियोगिता में निरंतर भागीदारी ने अटल जी के व्यक्तित्व के उस पहलू को सबसे ज्यादा निखारा जो उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा आधार था। अटल जी की वक्तव्य शैली के कारण लाखों लोग उनके भाषणों को तन्मयता और तल्लीनता के साथ सुनते थे।

पत्रकारिता से उनका संबंध देनिक स्वदेश ,काशी से प्रकाशित होने वाली पत्रिका चेतना और अल्प समय तक दैनिक वीर अर्जुन के साथ रहा।1951में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की नींव रखी तब अटल जी संस्थापक सदस्यों में से एक थे ।अक्टूबर 1951 में जनसंघ के दिल्ली में हुए प्रथम अधिवेशन के पश्चात 1954 में अटल जी ने लखनऊ से पहला लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन दुर्भाग्यवश वे पराजित हो गए। 1957 में मथुरा, लखनऊ और बलरामपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ा लेकिन मथुरा और लखनऊ में वे पराजित हो गए हालांकि बलरामपुर से जीतकर वे लोकसभा में पहुंचे ।तब वह महज 33 साल के सबसे युवा सांसद थे। यह पहला मौका था जब लोकसभा में जनसंघ के चार सांसद थे। प्रतिपक्ष के नेता की उनकी भूमिका भारत ही नहीं दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के लिए मांडल के तौर पर मानी जा सकती है। अटल जी ने करोड़ों भारतवासी को अपने रसीले भाषणों से जिस तरह मंत्र मुग्ध किया है वैसा देश के किसी नेता ने नहीं किया। अटल की इस भाषण कला ने जवाहर लाल नेहरू तक को अपना कायल बनाया।तीसरी लोकसभा का चुनाव वे बलरामपुर से हारे लेकिन राज्य सभा में चुनकर पहुंचे।

1962से1967के दौर में युद्ध, नेहरू जी का निधन फिर लाल बहादुर शास्त्री जी के निधन की घटनाओं सहित तकरीबन 50सालों तक प्रतिपक्ष में रहने के बाबजूद उनके भाषणों या लेखों में कभी भी कटुता दिखाई नहीं पड़ी ,हालांकि उन्होंने सरकारी नीतियों की आलोचना करने या मजाक उड़ाने में कभी कोताही नहीं की। किसी भी लोकतंत्र के लिए गर्व की बात हो सकती है कि कोई नेता 63 सालो तक सक्रिय राजनीति करें और उसके पूरे राजनीतिक जीवन में ऐसा एक भी उदाहरण आप न बता सके जो कटुता या मर्यादाहीनता का पर्याय माना जा सके। प्रतिपक्ष में रहते हुए सत्ता पक्ष के उजाले को उजला कहने की उदारता कितने नेताओं में होती है ।भारतीय संसद ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद की उपाधि उनकी इस सिद्धहस्ता की वजह से ही दी थी। प्रतिपक्ष के नेता की उनकी भूमिका भारत ही नहीं दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के लिए मॉडल के तौर पर मानी जाती है। अटल जी के भाषण संसदीय इतिहास की धरोहर है। चौथी लोकसभा में अटल पुनः बलरामपुर से जीते।

जब 1975में इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई तब अटल जी को जेल जाना पड़ा, जेल यात्रा ने अटल जी को राजनीति की कुछ नई नसीहतें दी और इसी दौरान कैदी जीवन की अपनी कविताएं लिखी ।1977में अटल जी विदेश मंत्री बने। इसी साल यू एन ए में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया। कुल मिलाकर अटल जी 1957 से 1998 तक पृथक पृथक संसदीय क्षेत्रों से निर्वाचित होकर लोकसभा में पहुंचे। अटल जी 10 बार लोकसभा और दो बार राज्य सभा के सांसद रहे। उन्होंने दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, और उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन संसदीय सीट का नेतृत्व किया।

अटल जी 63सालों तक सक्रिय राजनीति में रहे। अटल जी पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। जिन्होंने 5साल सरकार चलाई। अटल बिहारी वाजपेई भाजपा के एक मात्र नेता थे जिनकी सराहना नेहरू जी करते थे। उनकी राजनीतिक परिपक्वता के कारण इंदिरा गांधी उनसे गंभीर मामलों में सलाह लिया करती थी और इसी परिपक्वता के कारण नरसिम्हा राव ने उन्हें यू ए ई भेजा। राजनीति की रपटीली राहों पर फिसलते संभलते अटल जिस शिखर पर पहुंचे वहां पर भी उनके संस्कार साथ रहे। एक सामान्य भारतीय की तरह अपयश से भय वाजपेई जी की ताउम्र पूंजी रही।जो हजारों नेताओं की भीड़ में सबसे अलग खड़ा करती है और अजात शत्रु नेता बनती है, लेकिन संघर्ष का बोध उनके इस शिखर पर उनके पहुंचने के बाद भी उनके साथ रहा। राजनीति के अजातशत्रु भारत रत्न से सम्मानित और भारत को स्वणिम सुशासन देने वाले अटल बिहारी वाजपेयी जैसे चमकने वाला सूरज 16 अगस्त 2018 की शाम को ढल गया,

**लेखक के विषय में--**
**मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।**

# राष्ट्रगान की गूंज के साथ सहयोग शाखा ने मनाया स्वतंत्रता दिवस, सामूहिक राष्ट्रगान का हुआ आयोजन

**ग्वालियर, जीएनएस।**

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद %सहयोग% शाखा, ग्वालियर द्वारा बहोड़ापुर तिराहे पर हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।शाखा के सक्रिय सदस्य एवं प्रांत के मीडिया प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि संस्था द्वारा 28 फरवरी 2023 से निरंतर ÷स्वच्छ भारत का रखें ध्यान... बस 1 मिनट रुकें राष्ट के नाम÷ मुहिम चलाई जा रही है। इसी श्रृंखला के तहत 15 अगस्त को मुहिम के 1258 वें दिन प्रातः ठीक 8=15 बजे सामूहिक राष्ट्रगान का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया और पूरे




सम्मान के साथ तिरंगा फहराया गया। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री (नगरीय प्रशासन ग्वालियर) के.के. द्विवेदी , विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद सेंट्रल रीजन के रीजनल संयुक्त महासचिव अनूप अग्रवाल एवं दैनिक मध्यराज के प्रकाशक / संपादक संजीव सिकरवार थे । सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सहयोग शाखा के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था समाज सेवा, राष्ट प्रेम और नागरिक कर्तव्यों को धरातल पर बखूबी निभा रही है। इस अवसर पर उपस्थित विशाल जन-समुदाय ने ÷हर घर तिरंगा – घर-घर तिरंगा÷ के संकल्प के साथ वंदे मातरम् और जय हिंद के गगनभेदी नारे लगाए।क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देशभक्ति के इस पावन उत्सव में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय जैन, सुभाष अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, पप्पू अग्रवाल, बंटी मित्तल, सतीश बंसल, संदीप अग्रवाल, रवि गर्ग, रामनाथ अग्रवाल, जगमोहन सक्सेना, अशोक तलूजा, शेफाली सिंघल, प्रेमलता मित्तल, नंदकिशोर अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शशि सिंगल, पवन सिंगल, सत्यम अग्रवाल, उमा अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विनोद सिंघल, गोपाल जैन, महेंद्र गर्ग, डीके पांडे, भुजबल सिंह यादव, ओम प्रकाश यादव, सुरेश धाकड़, रामलाल, पप्पू सिंह परिहार, अमित सविता, अर्णव दोहलिया और अरब अग्रवाल सहित क्षेत्र के सैकड़ों आमजन उपस्थित थे।

# प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री अहलूवालिया ने उच्च न्यायालय में किया ध्वजारोहण




**ग्वालियर, जीएनएस।**

गौरवशाली भारतवर्ष के 80वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर परिसर में प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री जी. एस. आहलूवालिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित न्यायाधीशगणों सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्गान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी । ध्यजारोहरण पश्चात् पर्यावरण के प्रति संवेदना और इसके संरक्षण को प्रचारित करने के उद्देष्य से समस्त न्यायमूर्तिगण द्वारा खण्डपीठ-ग्वालियर परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण के संरक्षण को प्राथमिकता पर रखने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री जी. एस. आहलूवालिया सहित न्यायमूर्ति श्री मिलिंद रमेश फडके, न्यायमूर्ति श्रीमती अनुराधा शुक्ला, न्यायमूर्ति श्री आशीष श्रोती, न्यायमूर्ति श्री अमित सेठ, न्यायमूर्ति श्री पुष्पेन्द्र यादव, न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत, न्यायमूर्ति श्री राजेष कुमार गुप्ता, ग्वालियर के प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर व प्रधान जिला न्यायाधीश (सतर्कता) श्री जाकिर हुसैन, खण्डपीठ-ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री राजीव के. पाल व ओएसडी/रजिस्ट्रार श्री ऋतुराज सिंह चैहान, जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री पवन पाठक व सचिव श्री महेश गोयल, अतिरिक्त महाधिवक्तागण व डिप्टी सॉलिसिटर जनरल, सीनियर एडवोकेट्स सहित अन्य अधिवक्तागण, उच्च न्यायालय में पदस्थ न्यायिक व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण सम्मिलित हुये।

16 aug 2026 WEEKLY.qxd 8/15/2026 5:16 PM Page 6















## छात्राओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार के मामले में ABVP ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ABVP , जिला मुरैना द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुरैना में छात्राओं के साथ प्रयोगशाला सहायक द्वारा कथित अभद्र व्यवहार के मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, मुरैना को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ABVP ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। परिषद के अनुसार विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रयोगशाला सहायक के व्यवहार को लेकर शिकायतें सामने आई हैं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच किया जाना आवश्यक है।

ABVP जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यालय स्तर पर शिकायत प्राप्त होने के बाद अब तक की गई कार्रवाई एवं पूरे मामले में अपनाई गई प्रक्रिया की भी जांच की जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं। इसके साथ ही जांच प्रक्रिया के दौरान किसी भी छात्रा पर किसी भी प्रकार का दबाव न बनाया जाए, ताकि छात्राएं बिना भय के अपनी बात रख सकें और निष्पक्ष जांच संभव हो सके। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि छात्राओं की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े किसी भी विषय को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। परिषद का कहना है कि यदि किसी छात्रा को विद्यालय परिसर में असहज या असुरक्षित महसूस होता है, तो उसकी शिकायत पर संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ कार्रवाई होना आवश्यक है। ABVP ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच, उचित कार्रवाई एवं छात्राओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। परिषद ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए वह सदैव आवाज उठाती रहेगी।












15 अगस्त
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
कु. स्वाति डोमर
(MPPSC)
असिस्टेंट प्रोफेसर
(अर्थशास्त्र / Economics)
पद पर चयन होने पर
हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।
कु. स्वाति डोमर एवं उनके समस्त परिवार को इस
गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य
के लिए मंगलमय शुभकामनाएं।


समस्त नागरिकों को
15 अगस्त
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
आइए, हम सब मिलकर
एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत
के निर्माण का संकल्प लें।
स्वतंत्रता का सम्मान करें, राष्ट्र के विकास में योगदान दें।
श्रम विभाग, शिवपुरी
जिला श्रम अधिकारी
योगेश सिंघल
श्रम निरीक्षक
वृंदावन सिंह
जय हिंद! जय भारत!


TTNCP
15 अगस्त
80 वाँ स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ!
जय हिन्द! जय भारत!
सावन कोचले
उप संचालक
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (TNCP), गुना


सभी देशवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
इस महान पर्व की अनेक-अनेक
देशवासियों का एक ही मंत्र है-
भारत बनाने के लिए ना हम रुकेंगे,
विकसित भारत बना कर रहेंगे।
- नरेन्द्र मोदी
CBC 22201/13/0021/2627

16 aug 2026 WEEKLY.qxd 8/15/2026 5:16 PM Page 8



# 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' : खनियाधाना में जनसंवाद शिविर आयोजित; पात्र हितग्राहियों को मौके पर मिली योजनाओं की सौगात

## संभागायुक्त श्री खत्री और कलेक्टर श्री वर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुआ शिविर

**शिवपुरी, जीएनएस।**
राज्य शासन द्वारा आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने एवं उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से %मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026% का आयोजन 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार की खनियाधाना नगर परिषद में अंबेडकर भवन परिसर में ग्वालियर संभागायुक्त श्री मनोज खत्री की मौजूदगी में एवं कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में जनसंवाद शिविर का सफल आयोजन किया गया।

जनसमस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान

जनसंवाद शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण करना और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना रहा। संभागायुक्त श्री खत्री एवं कलेक्टर श्री वर्मा ने स्वयं एक-एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शेष आवेदनों के समयबद्ध निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।

**कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा कार्यालय नगर परिषद का औचक निरीक्षण**

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने कार्यालय नगर परिषद खनियाधाना का सघन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निकाय की कार्यप्रणाली, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा विभागीय अभिलेखों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को आमजन से जुड़े कार्यों व योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने तथा समयबद्ध व पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करने के सख्त निर्देश दिए।

**अमृत हरित अभियान 2.0ः पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प**

विकासखंड खनियाधाना के अंबेडकर भवन नगर परिषद परिसर में संभागायुक्त श्री मनोज खत्री, कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और रोपण के पश्चात उनके पोषण का आह्वान किया। %अमृत हरित अभियान 2.0% के तहत सार्वजनिक परिसरों और शासकीय संस्थानों को हरित-आच्छादित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल रही।

**अधिकारियों को फील्ड में जाने के निर्देश**

संभागायुक्त श्री मनोज खत्री ने अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर शासकीय योजनाओं की ज़मीनी स्थिति का जायजा भी लिया गया।

**पात्र हितग्राहियों को मौके पर मिली योजनाओं की सौगात**

शिविर स्थल पर विभागों द्वारा नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान संबल योजना, आयुष्मान भारत, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम स्वनिधि, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा कृषि एवं राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ प्रमाण पत्र एवं वित्तीय सहायता राशि का वितरण किया गया।

विशेष रूप से पीएम स्वनिधि योजना के तहत आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए सुनील सेन एवं रिंकू खटीक को ?50-50 हजार, संकेत नामदेव एवं राजू केवट को ?25-25 हजार तथा प्रीतम कोली, दयाराम पाल, अजय साहू, रश्मि केवट, शोभा कोली, रामवती पाल, तोहिद खान, दीपक साहू, अंशुमन खरे एवं लीला बाई झा सहित अन्य हितग्राहियों को ?15-15 हजार की स्वीकृत ॠण राशि के हितलाभ पत्र सौंपे गए। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत वितरित किए प्रमाण पत्र

लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत बालिका रियांसी रजक (उम्र 2 माह )माता कीर्ति रजक, पिता अनिल रजक निवासी खनियांधाना वार्ड 5 को लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 के अंतर्गत 1,43,हजार रुपए की राशि का आश्वासन प्रमाणपत्र दिया गया।

# जीपीएफ की गुमशुदा कटौतियों के निराकरण के लिए 17 से 19 तक लगेगा कैंप

**शिवपुरी, जीएनएस।**
महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा जिले में पदस्थ समस्त सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं की गुमशुदा कटौतियों और खाते में दर्ज न हुई राशि की समस्याओं के निराकरण के लिए जीपीएफ कैंप का आयोजन 17 अगस्त से 19 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। यह कैंप जनपद पंचायत शिवपुरी सभागार, ई-दक्ष केंद्र के सामने, शिवपुरी में आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अपील की है कि वे सामान्य भविष्य निधि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए इस कैंप में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं।




# सनवैली परिसर में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन-देशभक्ति, एकता और उत्साह का अद्भुत संगम

पूर्व अध्यक्ष एवं ॠ संचालक गिरीश अग्रवाल ने बताया कि सनवैली परिसर में इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और गौरव के वातावरण में मनाया गया। सुबह की ठंडी हवाओं के बीच देशभक्ति का जज्बा हर चेहरे पर साफ झलक रहा था। परिसर के सेंट्रल गार्डन में सुबह ठीक 9.30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

झंडा वंदन एवं राष्टीय गीत व राष्टीय गान

कार्यक्रम की शुरुआत राष्टीय ध्वज के वंदन से हुई, जिसके बाद पूरे परिसर में गूंजते ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम÷ के नारों ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। राष्टीय गान के दौरान सभी रहवासी एक साथ खड़े होकर भावविभोर हो गए।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री गिरीश अग्रवाल जी ने बड़े ही जोश और प्रभावी शैली में किया, जिससे पूरा आयोजन अनुशासित और जीवंत बना रहा।

**अध्यक्षता**

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष ङ्क श्री पंकज बंसल जी ने की, जिन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी रहवासियों का मनोबल बढ़ाया और एकजुटता का संदेश दिया।

श्री जे पी भट्ट जी (सेवानिवृत्त ष्ठस्क्क मध्यप्रदेश पुलिस) ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व और इसकी रक्षा के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने अपने पुलिस सेवाकाल की साहसिक घटनाओ को भी साझा किया।




# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर खोड़ चौकी में हुआ ध्वजारोहण

**खोड़।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर खोड़ चौकी में नवनियुक्त चौकी प्रभारी उप निरीक्षक श्री संजय लोधी जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पुलिस बल के जवानों के साथ शासकीय हाई एवं मिडिल विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद सभी ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरा माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत नजर आया।









स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026


# बढ़े वेतन से खिले सफाई कर्मचारियों के चेहरे, कर्मचारी नेताओं का फूलमालाओं से अभिनंदन

वेतन वृद्धि को कर्मचारियों ने केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि लंबे संघर्ष के बाद मिले सम्मान और अधिकार की जीत- विनोद इलाहाबादी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ

आगरा। नगर निगम में सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि होने पर खुशी की लहर दौड़ गई। भावना एस्टेट, सिकंदरा स्थित पार्षद कक्ष संख्या-88 के सफाई कर्मचारियों ने माँ चामुण्डा देवी मंदिर, बाबरपुर में क्षेत्रीय पार्षद वेदप्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में कर्मचारी नेताओं का फूलमालाओं, पटका और टोपी पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी ने कहा कि अल्प वेतन पर कार्य कर रहे सेवा प्रदाता कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि कराकर उन्हें उनका हक दिलाने का प्रयास सफल हुआ है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ अन्य संवर्गों के कर्मचारियों को भी वेतन वृद्धि का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि वेतन वृद्धि को कर्मचारियों ने केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि लंबे संघर्ष के बाद मिले सम्मान और अधिकार की जीत हैं।

वरिष्ठ नेता सुन्दर बाबू चंचल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के उत्थान और अधिकारों के लिए कर्मचारी नेता निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। बढ़े वेतन के साथ कर्मचारियों को एरियर का लाभ भी मिलेगा। इसका लाभ ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारियों को भी मिलने की बात कही गई। वरिष्ठ कर्मचारी नेता हरीबाबू वाल्मीकि ने बढ़ा हुआ वेतन मिलने पर सफाई कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना भी जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्र पाल, सम्राट चौधरी, सुनील पाथौर, अनिल राजौरिया, पप्पू थनवार, योगेश साहू, कान्हा ठाकुर, कुलदीप इलाहाबादी, राजन लालै, सेनेट्री सुपरवाइजर मनोज कुमार व नकुल सिंह, राहुल विराट, प्रेम कुमार, आशा देवी, काजल देवी और नन्दिनी देवी सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरियाली अमावस्या पर ओड़पुरा में निकाली गई नवांकुर सखी हरियाली यात्रा



**ग्वालियर/ओड़पुरा।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर आज दिनांक 14 अगस्त 2026 को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंध नवांकुर संस्था सफल युवा मंडल द्वारा बरई सेक्टर अंतर्गत ग्राम ओड़पुरा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा÷ का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री विनोद शर्मा जी, सफल युवा मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद कुशवाह, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, नवांकुर सखियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री विनोद शर्मा जी ने कहा कि हरियाली अमावस्या प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सफल युवा मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद कुशवाह द्वारा किया गया।

# अंग्रेजों द्वारा भारत विभाजन का कष्ट और आज के वामपंथियों के षड्यंत्र एक जैसे- उदयभान रजक

**ग्वालियर, जीएनएस।** भारत विभाजन की विभाजन विभीषिका की स्मृति दिवस एवं अखण्ड भारत संकल्प दिवस पर श्रद्धा एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ,सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती नगर, में सैकड़ो भैया बहनों की उपस्थिति में एक शानदार आयोजन हुआ, जहां मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ग्वालियर के जाने-माने कवि,गीतकार,साहित्यकार एवं समाजसेवी श्री उदयभान रजक रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा



माँ भारती एवं माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य श्री रवि जी ने अतिथियों का परिचय कराया तथा कन्या भारती की पदाधिकारी बहिनों ने पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्राचार्य रवि उप्रेती जी ने कहा कि हमें भारत विभाजन की विभीषिका का स्मरण करते हुए भावी पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा अखण्ड भारत के संकल्प को सुदृढ़ करना है।विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति संवेदनशीलता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्था विकसित करनी है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री उदयभान रजक जी ने अपने उद्बोधन में भारत विभाजन की ऐतिहासिक परिस्थितियों और उससे उत्पन्न मानवीय त्रासदी तथा राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय मूल्यों , राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक समरसता के संरक्षण का आह्वान किया। उदयभान जी ने कहा की जो भारत का विभाजन हुआ वह तो बहुत दुखदाई रहा ही,परंतु आज हमारा जो भारत है वह भी भयंकर खतरों से घिरा हुआ है ।




# फोगला आश्रम में धूमधाम से प्रारम्भ हुआ 15 दिवसीय दिव्य व भव्य 44वां झूलन महोत्सव

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** रमणरेती क्षेत्र स्थित श्रीजी सदन (फोगला आश्रम) में वृन्दावन रासलीला संस्थान (पंजी.) व श्रीभगवान भजनाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में ब्रज के प्रख्यात रासाचार्य स्वामी डॉ. देवकीनंदन शर्मा के निर्देशन में 15 दिवसीय दिव्य व भव्य 44 वां झूलन महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है।

महोत्सव का शुभारंभ प्रख्यात सन्त श्रीमज्जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज ने ठाकुरजी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व आरती करके किया।तदोपरांत नित्य रासलीला का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया गया। जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि रासलीला ब्रज की अत्यंत प्राचीन परम्परा है। इसके निर्वहन से ब्रज संस्कृति सुदृढ़,संवर्धित व पल्लवित होती है।इस परम्परा का निर्वाह स्वामी देवकीनंदन शर्मा पूर्ण समर्पण के साथ पिछले 43 वर्षों से फोगला आश्रम में प्रतिवर्ष कर रहे हैं। प्रख्यात साहित्यकार ÷यूपी रत्न÷ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि रासलीला भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसास्वादन करने का प्रमुख साधन है।यह हमारा सौभाग्य है कि हमें उनकी लीलाओं का दर्शन श्रीधाम वृन्दावन में सहज ही प्राप्त हो जाता है। रासाचार्य स्वामी डॉ. देवकीनंदन शर्मा ने कहा कि रासलीला परम्परा ब्रज संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इसके दर्शन करने से असंख्य लोग संस्कारित व लाभान्वित होते हैं। इसीलिए रासलीला के दर्शन करने के लिए लाखों देशी-विदेशी भक्त श्रीधाम वृन्दावन आते हैं। इस अवसर पर श्रीभगवान भजनाश्रम के अध्यक्ष चांदबिहारी पाटौदिया, कोषाध्यक्ष बिहारीलाल सर्राफ, मंत्री राजकुमार पोद्दार, ट्रस्टी शंकर लाल जयपुरिया, युवा साहित्यकार व आध्यात्मिक पत्रकार डॉ. राधाकांत शर्मा, भारत भूषण शर्मा एवं सौरभ शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।









16 aug 2026 WEEKLY.qxd 8/15/2026 5:17 PM Page 10




जिनके अमर बलिदान से मिली स्वतंत्रता

उन वीरों को शत-शत नमन

# नया मध्यप्रदेश

समानता का विश्वास, समावेशी विकास



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



"स्वतंत्रता हमें केवल अधिकार नहीं देती, बल्कि यह कर्तव्य का स्मरण भी कराती है। आइए, हम सब मिलकर प्रदेश के समग्र विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लें।"

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

प्रदेशवासियों को

**80वें स्वाधीनता दिवस की**

हार्दिक शुभकामनाएं

जुड़ें नए मध्यप्रदेश से

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhypradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-18014/26

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026
11

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम दांगोड़े, जिला आबकारी अधिकारी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
अरविन्द भार्गव
जिला अधिकारी
हार्दिक शुभकामनाएं
आजीविका मिशन शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
मुनेश शाक्य
उपसंचालक
हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील : बेटे बेटी में ना भेदभाव करो, दोनों को पढ़ा लिखाकर इनके सपने पूरे करो। मां और बच्चों की देखभाल करें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यह कार्य करें
डी.एस. जादोन जिला अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम

लक्ष्मण मीणा
रेंजर करैरा


स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
रवि पटेरिया
वन क्षेत्र अधिकारी
बदरवास

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वृक्ष लगाओ और अपने धरती को बचाओ, पेड़ों को मत काटो यह, पेड़ों की जब कटाई रहा तभी बनेगा जीवन अधरा। वन रहेंगे तो हम रहेंगे।

सचिन कुमार शर्मा रेंजर
सौजन्य से :- वन परिक्षेत्र शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम अग्रवाल
कार्यपालन यंत्री
अपील :- जल है अनमोल, इसका नहीं है कोई मोल, इसे बर्बाद ना करें।
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त जिलेवासियों को
दुष्यंत दीक्षित
जिला पंजीयक
हार्दिक शुभकामनाएं
निशा शर्मा
उप पंजीयक
आशुतोष दिनकर
उप पंजीयक
उप पंजीयक कार्यालय शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रंजना सिंह कुशवाहा
जिला परिवहन अधिकारी
जिला परिवहन विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
आकाश यादव
जिला शिक्षा अधिकारी
हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षा विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
दफेदार सिंह सिकरवार
डीपीसी
हार्दिक शुभकामनाएं
जनशिक्षा केन्द्र शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
रामसिंह उइके, खनिज अधिकारी
ऋषभ दीक्षित, खनिज निरीक्षक
खनिज विभाग शिवपुरी


स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिरुद्ध खानवलकर
प्रभारी अधिकारी जिला नियंत्रण कक्ष
ध्वनि भदौरिया
उप निरीक्षक आबकारी वृत भांडेर


रामकुमार सूत्रकार
जिला आबकारी अधिकारी दतिया
जिला आबकारी विभाग, दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को एवं छात्र-छात्राओं को
हार्दिक शुभकामनाएं

स्वप्निल वानखड़े
कलेक्टर दतिया

राघवेन्द्र सिंह सेंगर
प्राचार्य
शा. उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01, जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों एवं छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. निलय गोस्वामी
प्राचार्य शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय इन्दरगढ़, दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को एवं खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं

घनश्याम सिंह
विधायक दतिया
संतोष लिटोरिया
सचिव दतिया जिला क्रिकेट एसोसिएशन

अपील-क्रिकेट खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी हमारे प्रशिक्षण शिविरों से जुड़ें।
निवेदक : दतिया जिला क्रिकेट एसोसिएशन, दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों एवं छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. संगीता भटनागर
प्राचार्य, शा. कन्या महाविद्यालय दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों एवं छात्र-छात्राओं को
हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश मोर
डायरेक्टर - रास-जेबी ग्रुप दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त नगर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं


दिनेश सिंह राजपूत
थाना प्रभारी कोतवाली, दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
हिमांशु गुर्जर
सचिव
लक्ष्मण विश्वकर्मा
रोजगार सहायक
बृजशरण अहिरवार
अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
निवेदक- ग्राम पंचायत इकारा, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती पीतम वंशकार
सरपंच

सोबरन सिंह सेन
सचिव
रामनारायण पाल
रोजगार सहायक
अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
निवेदक- ग्राम पंचायत पलोथर, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

घनश्याम सिंह
विधायक दतिया

मकबूल खान
पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस दतिया शहर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित

श्रमसाधना

www.shramsadhnanews.com

ग्वालियर, रविवार 16 अगस्त 2026



# आयुक्त मनीष सिंह ने जनसंपर्क संचालनालय में किया ध्वजारोहण

**भोपाल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह ने जनसंपर्क संचालनालय कार्यालय भवन परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद आयुक्त श्री सिंह के साथ उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर संचालक जनसंपर्क अरविंद कुमार दुबे, अपर संचालक जी.एस. वाधवा और संजय जैन सहित संचालनालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त मनीष सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प दिलाया।



अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठा का लिया संकल्प

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व विधायक के निधन पर जताया दुःख

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पनागर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री नरेन्द्र त्रिपाठी के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व विधायक स्व. श्री नरेन्द्र त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

**परिजन को यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।**

### हिंदू महासभा ने ली अखंड भारत की प्रतिज्ञा

## दौलतगंज स्थित हिंदू महासभा भवन में मनाया अखंड भारत प्रतिज्ञा दिवस

**ग्वालियर, जीएनएस।** अखिल भारत हिंदू महासभा की ओर से शुक्रवार को दौलतगंज स्थित हिंदू महासभा भवन में अखंड भारत प्रतिज्ञा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के संभागीय अध्यक्ष पवन गुप्ता ने की। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अखंड भारत की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामबाबू सेन, युवा जिला अध्यक्ष आनंद माहौर, हेमराज जाटव, धर्मेंद्र बरेलिया, रोहित जाटव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद माहौर ने किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अखंड भारत के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



## डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक में किया शहीदों को नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर शौर्य स्मारक पहुंचकर देश के वीर सपूतों की शहादत को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लास्ट पोस्ट की धुन पर शहीद स्तंभ पर पुष्प च अर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक स्थित भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री संजीव कुमार झा ने स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री आर. पी. सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सुरभि तिवारी, श्री राजेश यादव, श्री संजय श्रीवास्तव, श्री वीरेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 3 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला में उमड़ा जनसैलाब

**ग्वालियर, जीएनएस।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व अखंड भारत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ग्वालियर में देशभक्ति और स्वच्छता का अनूठा संगम देखने को मिला। स्वच्छ ग्वालियर अभियान टोली द्वारा आयोजित लगभग 3 किलोमीटर लंबी स्वच्छता जागरूकता मानव श्रृंखला में शहर के विभिन्न शैक्षणिक, व्यापारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों, संस्थाओं और प्रतिष्ठानों के साथ बड़ी संख्या में स्वच्छता प्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कटोराताल फ्लैग पॉइंट से प्रारंभ हुई मानव श्रृंखला अचलेश्वर चौराहा, अचलेश्वर मंदिर, इंदरगंज चौराहा, जयेंद्रगंज, नदी गेट, मोती-तबेला, बेजाताल और फूलबाग-चौपाटी होते हुए वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक पहुंची। इस श्रृंखला में फाइन आर्ट कॉलेज, जीवाजी क्लब, चैंबर ऑफ कॉमर्स, दालबाजार एसोसिएषन, लोहिया बाजार एसोसिएषन, सनातन धर्म मंदिर एसोसिएषन, संजय कॉम्प्लेक्स एसोसिएषन, गुरूद्वारा, सिंधिया कन्या विघालय, जीवाजी स्कूल, विभिन्न शासकीय विद्यालय, महाविद्यालय, सामाजिक संस्थायें एवं नगर निगम की आईईसी टीम ने भाग लिया। मार्गभर लोगों ने हाथों में हाथ जोड़कर स्वच्छ ग्वालियर का संदेश दिया और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान वातावरण ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम÷ और स्वच्छता से जुड़े जोशीले नारों से गूंज उठा। प्रतिभागियों ने ÷स्वच्छ ग्वालियर, सुंदर ग्वालियर÷, ÷हम सबने ठाना है, ग्वालियर को स्वच्छ बनाना है÷ और ÷तिरंगे की शान में, हम स्वच्छता अभियान में÷ जैसे नारों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

अभियान का उद्देश्य केवल शहर की सफाई तक सीमित न रहकर प्रत्येक नागरिक के भीतर स्वच्छता को जिम्मेदारी, आदत और संस्कार के रूप में स्थापित करना रहा। मानव श्रृंखला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार देश की स्वतंत्रता के लिए प्रत्येक भारतीय ने अपना योगदान दिया, उसी प्रकार स्वच्छ और स्वस्थ ग्वालियर के निर्माण में भी प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।

कार्यक्रम में सिंगल-यूज प्लास्टिक से मुक्ति, कचरे का उचित निस्तारण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया गया। स्वच्छ ग्वालियर अभियान टोली ने नागरिकों से आह्वान किया कि ÷स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के साथ÷ को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानकर जीवनभर का संकल्प बनाया जाए।

# 95वीं बटालियन सीआरपीएफ जवानों ने कामाख्या कान्वेंट स्कूल में छात्र–छात्राओं संग गाया सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन

**(संतोष कुमार सिंह )**

**वाराणसी।** 80वाँ स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त शुक्रवार को 95 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने कामाख्या कान्वेंट स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर गाया सामूहिक बंदे मातरम 7 यह आयोजन 95वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट आर एस बालापुरकर के दिशा निर्देश में आयोजित किया गया 7 इस आयोजन में लगभग 250 से अधिक स्कूल के अध्यापक,अध्यापिकाएं छात्र-छात्राएं और जवान शामिल रहे 7 इस आयोजन का उद्देश्य वंदे मातरम के ऐतिहासिक सांस्कृतिक और राष्टीय महत्व को स्मरण करते हुए देश के प्रति समर्पण और एकता की भावना को मजबूत करना था 7 स्कूल के प्रिंसिपल कमला शंकर सिंह द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे




मातरम गीत केवल एक गीत नहीं बल्कि देशभक्ति की एक प्रेरणा है जिसमें आजादी के आंदोलन को ऊर्जा दी थी उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को इस गीत के उद्देश्य राष्ट्र प्रेम और कर्तव्य निष्ठा को जीवन में अपनाने का आवाहन किया 7 95 बटालियन के जवानों द्वारा स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को चाकलेट वितरित कर उनके उत्साह को बढ़ाया गया । इस अवसर पर कामाख्या कान्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल कमला शंकर सिंह,प्रबंधक सरोज सिंह,वाइस प्रिंसिपल रीता चटर्जी, अभिषेक पटेल और अध्यापिका निशि अग्रवाल,वंदना सिंह,प्रत्यक्षा पांडे,ममता पांडे,फोजिया बानो,शानदा आफरीन, नीरज आहूजा,अमित कुमार और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 95वीं बटालियन के इंस्पेक्टर निरंजन सिंह,इंस्पेक्टर विवेक चंद्र राय और स्कूल के छात्र-छात्राएं और जवान उपस्थित रहे 7 कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।